भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

31.03.2023 के

अतारांकित प्रश्न सं. 3488 का उत्तर

रेलवे में एससी, एसटी और ओबीसी श्रेणियों की बैक लॉग रिक्तियां

3488. श्रीमती फूलो देवी नेतमः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) रेलवे में समूह क, ख, और ग के पदों पर कार्यरत कर्मचारियों और विभिन्न श्रेणियों में रिक्तियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणियों में बैकलॉग रिक्तियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) बार-बार होने वाली ट्रेन दुर्घटनाओं को रोकने और रेलवे का परिचालन सुचारू रूप से करने के लिए बैकलॉग और नियमित रिक्तियों को भरने हेतु क्या कार्य योजना बनाई गई है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान रेलवे से कितने कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए हैं और कितने नए कर्मचारियों की भर्ती की गई है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

रेलवे में एससी, एसटी और ओबीसी श्रेणियों की बैक लॉग रिक्तियों के संबध में दिनांक 31.03.2023 को राज्य सभा में श्रीमती फूलो देवी नेतम के अतारांकित प्रश्न सं. 3488 के भाग (क) से (घ) के उत्तर के संबंध में **विवरण**।

(क): 01.01.2023 की स्थिति के अनुसार रेलवे में समूह क, ख और ग पदों में नियुक्त कर्मचारियों की कुल संख्या और रिक्तियां निम्नानुसार हैं-

समूह	ऑन रोल	रिक्तियां
समूह क	11138	2015
समूह ख	4810	870
समूह ग (पूर्ववर्ती समूह घ सहित)	1159977	312895
कुल	1175925	315780

(ख): 01.01.2023 की स्थिति के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग में बैकलॉग रिक्तियों का ब्यौरा निम्नानुसार हैः

अनुसूचित जाति-6112 अनुसूचित जनजाति-5131 अन्य पिछड़ा वर्ग-7427

(ग): वर्ष 2010 से, रेलवे में भर्ती प्रक्रिया अधिकृत भर्ती एजेंसियों अर्थात् रेल भर्ती बोर्ड (आरआरबी) और रेल भर्ती सेल (आरआरसी) के माध्यम से नियमित रूप से की जा रही है। रिक्तियों का उत्पन्न होना और उन्हें भरा जाना एक सतत् प्रक्रिया है। रिक्तियां परिचालनिक आवश्यकताओं के अनुसार रेलवे द्वारा मांगपत्र देकर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार भरी जाती हैं। इस प्रक्रिया के दौरान ही रिक्तियां उत्पन्न हो सकती हैं और तत्पश्चात् उन्हें भरा जाता है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग की खाली रह गई शॉर्टफॉल या बैकलॉग रिक्तियों को आगामी भर्ती चक्र में ध्यान रखा जाता है। अब, रेलवे ऑन-लाइन भर्ती कर रही है। इसलिए भर्ती प्रक्रिया में तेजी आई है।

केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचना सीईएन आरआरसी-01/2019 के तहत वेतन स्तर-1 भर्ती के लिए कुल 1,03,769 रिक्तियां (15559 अनुसूचित जाति, 7984 अनुसूचित जनजाति और 27378 अन्य पिछड़ा वर्ग सहित) अधिसूचित की गई हैं और केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचना सीईएन

आरआरबी-01/2019 के तहत वेतन स्तर-2 से वेतन स्तर-7 के लिए कुल 35,281 रिक्तियां (5130 अनुसूचित जाति, 2773 अनुसूचित जनजाति और 8717 अन्य पिछड़ा वर्ग सहित) अधिसूचित की गई हैं। इसे पैनलबद्ध करना शुरू कर दिया गया है।

(घ): पिछले तीन वर्षों के दौरान सेवानिवृत्त और नए भर्ती किए गए कर्मचारियों की संख्या निम्नानुसार हैं:

वर्ष	सेवानिवृत्त कर्मचारी	नए भर्ती किए गए कर्मचारी
2019-20	50051	137632
2020-21	46988	5744
2021-22	44847	4666

******